RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 16 जून 2024 | वर्ष 06 | अंक 59 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

चेंबूर में स्थित आचार्य कॉलेज में हिजाब बैन के खिलाफ 9 लड़कियों की याचिका...




Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# महाविकास अघाड़ी एकजुट...
# साथ लड़ेंगे विधानसभा चुनाव
## शरद पवार का बड़ा ऐलान...



मुंबईः लोकसभा चुनाव के बाद साल के अंत में होने वाले महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव को लेकर सियासत गरमा गई है। शनिवार को मुंबई के वाईबी चव्हाण सेंटर में महाविकास अघाड़ी के नेताओं ने बैठक की। इसमें कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (एससीपी) के नेता शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने महाराष्ट्र की जनता को आम चुनाव में 31 सीटें जिताने पर धन्यवाद दिया साथ ही महाविकास अघाड़ी ने एक साथ विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है।

कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि जिस तरह लोगों ने लोकसभा चुनाव में हमें वोट दिया। विधानसभा चुनाव में वैसा ही प्रेम मिलेगा और राज्य में सत्ता परिवर्तन होगा। उन्होंने कहा, 'हम सभी लोकतंत्र को बचाने के लिए एक साथ आए हैं।' महाविकास अघाड़ी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया की महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी शरद पवार और कांग्रेस एक साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे।

**शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का किया धन्यवाद**

शरद पवार ने कहा कि जहां-जहां मोदी ने रोड शो और रैलियां की। उन सभी जगहों पर महाविकास अघाड़ी को फायदा हुआ है। इसलिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करना अपना कर्तव्य समझता हूं। उन्होंने कहा, आगामी विधानसभा चुनाव में पीएम मोदी की अधिक से अधिक सभाएं होनी चाहिए ताकि हम स्पष्ट बहुमत की तरफ बढ़ते रहें। शरद पवार ने कहा कि बीजेपी की ओर गलत प्रचार किया जा रहा था कि महाविकास अघाड़ी के दलों की आपस में बन नहीं रही है। इसे रोकने और लोकसभा चुनाव के बाद महाविकास अघाड़ी की कोई भी बैठक नहीं हुई थी इसीलिए यह प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। शरद पवार ने कहा कि महाविकास अघाड़ी एकजुट है और विधानसभा चुनाव भी साथ लड़ेगी।

# पुणे पुलिस ने मेफेड्रोन जब्ती का मामला एनसीबी को सौंपा...
## 3600 करोड़ से अधिक का ड्रग्स किया था जब्त !






### 1,836 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त !

पुणे पुलिस के अनुसार, उसने फरवरी में महाराष्ट्र, दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों से 3,672 करोड़ रुपये मूल्य का 1,836 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त किया और मादक पदार्थ के अंतरराष्ट्रीय कारोबार के तरीके का खुलासा किया। मादक पदार्थ का उत्पादन विभिन्न शहरों में किया गया था।

**पुणे:** पुणे पुलिस ने मेफेड्रोन जब्ती का मामला शनिवार को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) को सौंप दिया है। पुलिस ने 3600 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के ड्रग्स जब्त किए जाने के महीनों बाद इस मामले की जांच एनसीबी को हस्तांतरित कर दी है। बताया जा रहा है कि यह मामला देश में मादक पदार्थों के भंडाफोड़ के सबसे बड़े मामलों में से एक है।

**यह प्रक्रिया का एक हिस्सा**

क्राइम ब्रांच के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह प्रक्रिया का एक हिस्सा है। हमें केंद्र और राज्य सरकार से मंजूरी मिली है। कोर्ट से आवश्यक अनुमति के बाद पुणे पुलिस ने जांच एनसीबी को सौंप दी है। एनसीबी मादक पदार्थों से संबंधित शीर्ष समन्वय निकाय है जो अपने क्षेत्रों और उप-क्षेत्रों के माध्यम से एक प्रवर्तन एजेंसी के रूप में भी कार्य करता है। एनसीबी अधिकारी सीमा शुल्क, राज्य पुलिस और अन्य कानून प्रवर्तन इकाइयों के साथ मिलकर काम करते हैं।

### पैकेट में छिपाकर लंदन भेजी थी मादक पदार्थ की खेप

पुलिस ने पहले कहा था कि गिरोह में शामिल लोगों ने दिल्ली स्थित एक कूरियर कंपनी को शामिल करके खाद्य सामग्री के पैकेट में छिपाकर मादक पदार्थ की कुछ खेप लंदन भेजी थी। पश्चिमी महाराष्ट्र के सांगली जिले के कुपवाड़ शहर में एक गोदाम जैसी संरचना में बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित पदार्थ संग्रहीत किया गया था। मेफेड्रोन एक कृत्रिम मादक पदार्थ है जिसे इसके प्रभावों के कारण अक्सर 'रेव पार्टी संस्कृति' से जोड़ा जाता है। ज्यादातर युवाओं द्वारा इसका दुरुपयोग किया जाता है।



# हाजी अली से वर्ली तक मिनटों में...
## सी-लिंक से मरीन ड्राइव कोस्टल रोड 10 जुलाई तक हो जाएगा

मुंबई : महाराष्ट्र केमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने निर्देश दिया है कि कोस्टल रोड का उत्तर से दक्षिण की तरफ आने वाला हिस्सा जुलाई के अंत तक सी-लिंक से जोड़ कर खोला जाए। बांद्रा वर्ली सी-लिंक से कोस्टल रोड को कनेक्ट करने के लिए दो गर्डर लांच किए गए हैं। इस अवसर पर उन्होंने मरीन ड्राइव से उत्तर की ओर जाने वाले मार्ग पर इंटर-पैसेज, सड़कों, समुद्री पैदल मार्गों आदि कार्यों को देखा।



### मुंबई कोस्टल रोड प्रॉजेक्ट की मौजूदा स्थिति:

1. 89.2% परियोजना का काम अब तक पूरा हो चुका है
2. 88% सड़क निर्माण कार्य पूरा हुआ
3. 91% इंटरचेंजर कार्य पूरा हुआ

मरीन ड्राइव से हाजी अली के बीच 6.25 किमी लंबे इस हिस्से को 10 जून को खोला गया था। सीएम ने ऐलान किया है कि हाजी अली से वर्ली तक का बाकी हिस्सा 10 जुलाई तक खोल दिया जाएगा। सीएम ने कहा कि बीएमसी की टीम विभिन्न मशीनरी के साथ इस परियोजना पर दिन-रात काम कर रही है। पूरा प्रॉजेक्ट जल्द ही मुंबईकरों के लिए खोल दिया जाएगा। इसके साथ ही मुंबई में सीमेंट कंक्रीट सड़कें, मुंबई का सौंदर्यीकरण, संपूर्ण सफाई अभियान, हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे के अस्पताल आदि पर मुंबई के विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

शिंदे ने कहा कि कोस्टल रोड के जरिए दक्षिण मुंबई में ट्रैफिक को कम करने में मदद मिलेगी। इसके शुरू होने से वाहन चालकों का लगभग 70 प्रतिशत समय और 34 प्रतिशत ईंधन की बचत होगी। इससे ध्वनि प्रदूषण और वायु प्रदूषण को कम करने में भी मदद मिलेगी। इसके साथ ही वेस्टर्न एक्सप्रेस-वे पर ट्रैफिक जाम को दूर करने में भी मदद मिलेगी।

# 17 वर्षीय युवक की हत्या के पीछे दो नाबालिग दोस्तों का हाथ...




**मुंबई :** तुर्भे पुलिस द्वारा खदान स्थल पर तालाब में बेसुध पड़े 17 वर्षीय लड़के को बरामद करने के एक सप्ताह बाद, सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि उसके दोस्तों द्वारा की गई शरारत के कारण वह डूब गया। गुरुवार को पुलिस ने मृतक कुमार चौहान के दो दोस्तों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया। 9 जून को चौहान तुर्भे एमआईडीसी में भारत पत्थर खदान में तैरता हुआ पाया गया था। शव पर कोई कपड़े नहीं थे और मौके पर चौहान का कोई सामान नहीं मिला। जांच जारी थी, अगले दिन चौहान के परिवार द्वारा दर्ज कराई गई गुमशुदगी की शिकायत से पुलिस को उसकी पहचान करने में मदद मिली। तुर्भे पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा, ''हमने इलाके में सीसीटीवी फुटेज की तलाश की और खदान के रास्ते पर कुछ सीसीटीवी फुटेज पाए।

फुटेज में देखा जा सकता है कि 9 जून को पांच 5 लड़के खदान स्थल में घुसे थे, लेकिन केवल 4 ही वापस लौटे।'' फुटेज में यह भी देखा गया कि खदान से बाहर निकलते समय लड़कों में से एक ने अलग पोशाक पहन रखी थी। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''लापता शिकायत के आधार पर, लड़के द्वारा पहनी गई शर्ट मृतक की शर्ट थी। चारों लड़कों को आगे की जांच के लिए बुलाया गया और उनकी पूछताछ में पता चला कि लड़के ने अपने दो दोस्तों की वजह से अपनी जान गंवाई।''

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### परीक्षा की विश्वसनीयता

मेडिकल कालेजों में प्रवेश की परीक्षा यानी नीट में अनियमितता को लेकर जो सवाल उठे, उनमें से ग्रेस मार्क्स के मामले का समाधान होना संतोष की बात है। 1563 छात्रों को परीक्षा में देरी के आधार पर जो ग्रेस मार्क्स दिए गए थे, वे रद कर दिए गए हैं। इसके चलते इन छात्रों को दोबारा परीक्षा देनी होगी या फिर ग्रेस मार्क्स के बगैर ही काउंसलिंग में शामिल होना होगा। ऐसे लगभग सभी छात्र दोबारा परीक्षा देना पसंद करेंगे, ताकि अपनी रैंकिंग बेहतर कर सकें। चूंकि ऐसे छात्रों की संख्या अधिक नहीं, इसलिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी यानी एनटीए को उनकी दोबारा परीक्षा लेने में कोई समस्या नहीं होगी और वे छात्र भी संतुष्ट होंगे, जो ग्रेस मार्क्स देने के नियम का विरोध कर रहे थे। यह विरोध उचित ही था, क्योंकि यह समझना कठिन था कि परीक्षा में देरी के आधार पर इस तरह ग्रेस मार्क्स कैसे दे दिए गए कि कुछ छात्र शत-प्रतिशत नंबर पा गए?

ग्रेस मार्क्स देने को लेकर इसलिए भी संदेह उभर आया था, क्योंकि एक ही परीक्षा केंद्र के कई छात्र-छात्राओं को शत-प्रतिशत अंक हासिल हो गए थे। अच्छा होगा कि भविष्य में ग्रेस मार्क्स देना बंद किया जाए और यदि छात्रों को किसी कारण परीक्षा में देरी का सामना करना पड़े तो उन्हें दोबारा परीक्षा देने की सुविधा दी जाए। ग्रेस मार्क्स का मसला हल होने के बावजूद मामला अभी पूरी तौर पर शांत नहीं हुआ है, क्योंकि अनेक छात्र, अभिभावक और विपक्षी नेता नीट में धांधली का आरोप लगाकर दोबारा परीक्षा कराने की मांग कर रहे हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट अभी किसी अंतिम नतीजे पर नहीं पहुंचा है और उसने काउंसलिंग पर रोक लगाने की मांग पर विचार करने से भी मना कर दिया है। संभवत इसका कारण यह है कि जो भी नीट में धांधली का आरोप लगाकर दोबारा परीक्षा की मांग कर रहे हैं, वे इस परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने का कोई प्रमाण नहीं दे सके हैं। यह सही है कि बिहार में कुछ साल्वर गिरफ्तार किए गए थे, लेकिन अभी ऐसे प्रमाण सामने नहीं आए हैं कि प्रश्नपत्र लीक हो गए थे। शायद इसी कारण कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी यह दावा कर रहे हैं कि नीट में कहीं कोई धांधली नहीं हुई। इस सबके बावजूद यह अच्छी बात नहीं कि नीट की विश्वसनीयता को लेकर सवाल खड़े हुए। इस परीक्षा का आयोजन करने वाली संस्था एनटीए को भी सवालों से दो-चार होना पड़ रहा है। उसकी परीक्षाओं को लेकर संदेह की कोई गुंजाइश नहीं रहनी चाहिए। जहां सरकार को प्रतियोगी परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे, वहीं संकीर्ण स्वार्थों के चलते परीक्षाओं की विश्वसनीयता को संदिग्ध बताने वालों को बेनकाब भी करना होगा, क्योंकि कुछ राजनीतिक दल और कोचिंग संस्थाएं अपना उल्लू सीधा करती दिख रही हैं।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 99877 75650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# कांग्रेस के नक्शे कदम पर शिंदे सरकार, वक्फ बोर्ड को देगी 2 करोड़ रुपये... VHP नाराज



**मुंबई :** महाराष्ट्र की शिंदे सरकार ने जहां अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए वक्फ बोर्ड को 2 करोड़ रुपये देने का फैसला किया है। वहीं सरकार के इस फैसले का विश्व हिंदू परिषद ने कड़ा विरोध जाहिर किया है। मामले पर मिली जानकारी के अनुसार अल्पसंख्यक विकास विभाग के एक सरकारी प्रस्ताव के मुताबिक वक्फ बोर्ड को इस वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अल्पसंख्यक कल्याण के लिए निर्धारित 10 करोड़ रुपये में से 2 करोड़ रुपये मिलेंगे।

**विश्व हिंदू परिषद नाराज**

इस बाबत बीते 10 जून को महाराष्ट्र सरकार की तरफ से परिपत्र जारी किया गया था। यह परिपत्र महाराष्ट्र सरकार में उप सचिव मोइन तशलीदार की तरफ से जारी हुआ। इधर फैसले ले खफा विश्व हिंदू परिषद ने कहा कि सरकार ने 10 करोड़ की घोषणा ही नहीं की, बल्कि तत्काल 10 में से 2 करोड़ रुपए आवंटित भी कर दिए। वहीं VHP के महाराष्ट्र गोवा के क्षेत्र प्रमुख गोविंद शेंडे ने मामले पर नाराजगी की और कहा कि वक्फ बोर्ड की दोनों जेब ही जब पैसों से भरी हुई है। ऐसे में उन्हें 10 करोड़ रुपये देना गैर संगत है। महाराष्ट्र सरकार इस पर अपनी मंशा साफ करें कि, किस तुष्टिकरण की नीति के तहत यह कार्य हुआ है?

VHP की मानें तो अगर शिंदे सरकार ने इस फैसले को वापस नहीं लिया गया तो महायुति दलों को अब स्थानीय निकायों और महाराष्ट्र के आगामी विधानसभा चुनावों में हिंदुओं के गुस्से का सामना करना पड़ सकता है।'' मामले पर VHP ने आगे यह कहा कि, वह राज्यपाल से मिलकर जल्द ही अपनी भूमिका इस विषय पर साफ करेगी। इतना ही नही VHP ने भारत सरकार के गृह मंत्रालय से भी कहा है कि, अब जब अमरनाथ की यात्रा शुरू होने को है । ऐसे में सरकार सुनिश्चित करें कि भक्तों पर किसी भी तरह का आतंकवादी हमला न हो।

**मुस्लिमों में दिखी खुशी**

मामले पर इंटरनेशनल सूफी कारवां के प्रमुख और मुंबई के इस्लामिक विद्वान मुफ्ती मंजूर जियाई ने कहा कि, ''हमें खुशी है कि शिंदे सरकार ने अल्पसंख्यकों के कल्याण हेतु आवंटित धन का 20% वक्फ बोर्ड को देने की मंजूरी दे दी है। इस धन का इस्तेमाल समुदाय की बेहतरी में होगा। इसे राजनीतिक चश्मे से नहीं देखा जाए, क्योंकि लोकसभा चुनाव से पहले ही इस उद्देश्य के लिए सरकार द्वारा धन निर्धारिण हो गया था।'' जानकारी दें कि, मौजूदा आवंटन साल 2007 में गठित वक्फ पर संयुक्त संसदीय समिति का ही नतीजा है। समिति ने तब महाराष्ट्र राज्य वक्फ बोर्ड के कामकाज और उसकी संपत्तियों का निरीक्षण किया था । इस दौर के बाद तत्कालीन कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री विलासराव देशमुख ने बोर्ड को अनुदान देने का वादा किया, जिसके बाद अब यह बजट आवंटन किया गया है।

# मुंबई में म्हाडा से गाला खरीदने का सुनहरा मौका! 173 गाळों की बिक्री के लिए 27 जून को होगी ई-नीलामी

**मुंबई:** जैसे मुंबई या पुणे और अन्य बड़े शहरों में घर खरीदने का सपना म्हाडा और सिडको के जरिए पूरा किया जा सकता है। इसी तरह, वाणिज्यिक कोयला खरीदने का अवसर अक्सर म्हाडा के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। क्योंकि बहुत से लोगों को व्यवसाय या अन्य चीजों के लिए गिल्स की आवश्यकता होती है। लेकिन मुंबई जैसे शहरों में कोयले की कीमतों में भारी वृद्धि के कारण म्हाडा के माध्यम से कोयले की बिक्री को लेकर प्रतिक्रिया हो रही है और अगर इस माध्यम से कोयला खरीदा जाए तो कुछ पैसे भी बचाए जा सकते हैं। इसी तरह अगर आप भी मुंबई में गाला खरीदने का प्लान कर रहे हैं तो आपके लिए एक अच्छी खबर है। क्योंकि गैर आवासीय भूखंडों की बिक्री के लिए म्हाडा के माध्यम से ई-नीलामी की जाएगी। इस बारे में हम इस आर्टिकल में जानकारी लेंगे।




इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट यह है कि नीलामी के माध्यम से बिक्री के लिए म्हाडा के माध्यम से 27 फरवरी को एक विज्ञापन जारी किया गया था। लेकिन बीच में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लग गई और अब इस ई-नीलामी प्रक्रिया का शेड्यूल बदल दिया गया है। इस बदले हुए शेड्यूल के मुताबिक इस नीलामी की तारीख तय नहीं की गई। लेकिन अब लोकसभा की आचार संहिता नहीं होने के कारण ई-नीलामी की तारीख और समय मैनुअली तय किया गया है। इसमें मुख्य रूप से.. म्हाडा के 173 भूखंडों की बिक्री के लिए 27 जून को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक कम्प्यूटरीकृत प्रणाली में अर्हता प्राप्त करने वाले आवेदकों के लिए वेबसाइट www.eauction.mhada.gov.in पर ई-नीलामी आयोजित की जाएगी। उन पात्र आवेदकों के लिए ऑनलाइन बोली तय की गई है जिन्होंने आवश्यक दस्तावेज अपलोड किए हैं और जमा राशि का भुगतान किया है। इसके साथ ही ई-नीलामी का परिणाम 28 जून को दोनों वेबसाइट https://mhada.gov.in और www.eauction.mhada.gov.in पर घोषित किया जाएगा। इनमें न्यू हिंदी मिल, मझगांव में दो, प्रतीक्षा नगर शिव 15, स्वदेशी मिल कुर्ला पांच, गवनपाड़ा मुलुंड आठ, तुंगा पवई तीन, कोपरी-पवई पांच, मजासवाड़ी-जोगेश्वरी पूर्व एक, शास्त्रीनगर-गोरेगांव एक, बिंबिसार नगर-गोरेगांव पूर्व 17, चारकोप प्लॉट नंबर एक 15, चारकोप प्लॉट नंबर दो 15, चारकोप प्लॉट नंबर तीन चार, ओल्ड मागोठाणे बोरीवली पूर्व 12, महावीर नगर कांदिवली पश्चिम 12, मालवणी मलाड 57 शामिल हैं।

## अंधेरी में बारिश के बीच खुले मेट्रो कनेक्टर पर चलने वाले यात्रियों का वीडियो वायरल

**मुंबई:** शहर में बारिश मुंबईकरों के लिए थोड़ी असुविधा लेकर आती है, लेकिन जब इसमें मानव निर्मित कठिनाइयाँ जुड़ जाती हैं, तो ये चीजें और भी असुविधाजनक और विनाशकारी हो जाती हैं। इंटरनेट पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें यात्रियों को मेट्रो स्टेशन को अंधेरी के गुंडावली से जोड़ने वाले खुले कनेक्टर ब्रिज पर बारिश में चलते हुए दिखाया गया है। वीडियो में यात्रियों को हल्की बारिश के बीच पुल पर छाते के साथ चलते हुए दिखाया गया है, क्योंकि पुल खुला हुआ है। पुल पर संगमरमर का फर्श बारिश के पानी से भरा हुआ दिखाई देता है, जिससे चलते समय कोई भी व्यक्ति कभी भी फिसल सकता है। उपयोगकर्ता ने विशेष रूप से संबंधित अधिकारियों जैसे मुंबई मेट्रो वन, एमएमआरडीए और मुंबई मेट्रो वन अधिकारी के एक्स अकाउंट को टैग किया ताकि उन्हें इस बारे में पता चले।

# कुवैत आग हादसा: एक व्यक्ति का शव मुंबई लाया गया



**मुंबई :** कुवैत में भीषण अग्निकांड में मारे गए 45 भारतीयों में से एक व्यक्ति डेनी करुणाकरण का पार्थिव शरीर शनिवार तड़के यहां लाया गया। पश्चिमी उपनगर के मालवानी निवासी उनके पिता बेबी कुट्टी ने बताया कि शव को शवगृह में रखा गया है और अंतिम संस्कार रविवार को किया जायेगा।

डेनी (33) का पार्थिव शरीर उनके परिवार को छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तड़के लगभग तीन बजकर 45 मिनट पर मिला। कुट्टी ने बताया कि डेनी चार साल पहले कुवैत गया था और एनबीटीसी में लेखा एवं विक्रय समन्वयक था। उन्होंने कहा, ''मैंने उससे लगभग दो महीने पहले बात की थी और हमने उसकी शादी तय करने की योजना बनाई थी। मैं उससे दो साल पहले मिला था, वह एक फ्लैट खरीदना चाहता था और इसके लिए कड़ी मेहनत कर रहा था। उसकी मृत्यु से उनके परिवार, मित्रों और पड़ोसियों को गहरा सदमा लगा है।'' डेनी ने दक्षिण मुंबई के विल्सन कॉलेज में पढ़ाई की थी और आगे की पढ़ाई के लिए केरल के पुनालुर में बाइबल कॉलेज चले गए थे। कुवैत के मंगाफ में बुधवार को सात मंजिला एक इमारत में लगी आग में कम से कम 49 विदेशी श्रमिकों की मौत हो गई थी, जिनमें 45 भारतीय शामिल थे। हादसे में 50 अन्य घायल हो गये थे।

## महाराष्ट्र में अगले 2-3 दिन में पहुंच सकता मानसून, आज हो सकती है बारिश



**मुंबई:** जहां देशभर में भयंकर लू और गर्मी का कहर लगातार जारी है। ऐसे में आज भी भारत के कई राज्यों में लोगों का गर्मी से बेहाल हैं। वहीं अब गर्मी के चलते मानसून के कमजोर पड़ने की आशंका बढ़ी है। हालांकी छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश और बंगाल की खाड़ी में 2-3 दिन में मानसून पहुंच सकता है। स्टऊके मुताबिक, 11 जून के बाद से मानसून लगभग आगे नहीं बढ़ा था। लेकिन अगले 2 से 3 दिन में मानसून बढ़ने की अपार संभावना है।

महाराष्ट्र की बात करें तो, IMD ने कहा कि मानसून राज्य के नवसारी, जलगांव, अमरावती, चंद्रपुर, बीजापुर, सुकमा, मलकानगिरी, विजयनगरम और इस्लामपुर से होकर गुजर रहा है। हालांकि, अगले 2 से 3 दिनों के दौरान महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश, उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी, पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों के कुछ इलाकों और बिहार के कुछ हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए तैयार होता दिख रहा है।

आज के मौसम का हाल जानें तो कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में गरज-चमक के साथ यहां बारिश हो सकती है। इसके साथ ही 40-50 किमी प्रति घंटे की ताजी से हवाएं चल सकती हैं। ऐसा मौसम अगले 3-4 दिन रह सकता है।जिसके चलते मध्य प्रदेश, विदर्भ और छत्तीसगढ़ में आज हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हो सकती है और 40-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से यहां हवाएं चल सकती हैं। हालांकी मध्यप्रदेश में मानसून के तय समय से 2-3 दिन के बाद ही प्रवेश की संभावना है। वहीं महाराष्ट्र समेत कई अन्य प्रदेशों में प्रवेश होने के बाद मानसून की अरब सागर और बंगाल की खाड़ी की दोनों ही तरफ कमजोर दिख रही है।

# नागपुर में ऑटो चालक की निर्मम हत्या... बाइक से घर लौटते समय हुई वारदात

**नागपुर :** महाराष्ट्र की उपराजधानी नागपुर में एक और मर्डर हुआ है। हिंगना पुलिस स्टेशन अंतर्गत समृद्धि हाईवे से वडगांव रोड पर दातला कांटे के पास गुरुवार को एक ऑटो चालक निर्मम हत्या कर दी गई। मृतक का नाम दिनेश हरिदास नगराले (50) है। हालांकि हत्या किसने की और क्यों की, यह अभी तक रहस्य बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, दिनेश की पत्नी अलका (41) आशावर्कर है। उनकी 2 बेटियां हैं जिनमें बड़ी बेटी बूटीबोरी में नर्सिंग कोर्स कर रही है, जबकि दूसरी बेटी हिंगना के एक कॉलेज में पढ़ रही है।




### धारदार हथियार से किए वार

**दिनेश हर दिन वडगांव से बूटीबोरी रोड पर टेंभरी से सवारी ऑटो चलाकर अपना और परिवार का भरणपोषण करते थे। काम के बाद वे अपना ऑटो रिक्शा रात करीब 7 से 8 बजे के बीच टेंभरी में अपने भाई महेन्द्र नगराले के घर खड़ा कर देते थे। फिर अपनी बाइक से घर लौटते थे। यह उनका हर दिन क्रम था। घटना की रात 8 बजे वे अपने भाई के यहां ऑटो रिक्शा खड़ा करके बाइक से घर लौट रहे थे। दाता फाटा पहुंचते ही अज्ञात हमलावरों ने उनके सिर और सीने पर धारदार हथियार से वार किये। लकड़ी और पत्थर से कुचलकर आरोपी वहां से भाग गये। दिनेश काफी देर तक गंभीर अवस्था में वहीं पड़े रहे। इसी बीच वहां से गुजर रहे कुछ लोगों की नजर उन पर पड़ी। वडगांव के कुछ लोगों ने उन्हें पहचान लिया। लोगों ने घटना की जानकारी हिंगना पुलिस और दिनेश के घर वालों को दी।**

### हत्या की वजह पता नहीं... आरोपी फरार

**जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जख्मी दिनेश को एम्स ले गई। डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उनकी पत्नी अलका की शिकायत पर मामला दर्ज कर अज्ञात हत्यारोपी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस को संदेह था कि शायद लूटपाट के लिए दिनेश की हत्या की गई हो लेकिन घटना के बाद उनकी जेब में 1,000 रुपये थे। हालांकि आरोपी उनका मोबाइल अपने साथ लेकर चले गये। वहीं घटनास्थल पर रक्त से सना बांस का टुकड़ा पड़ा हुआ था। पुलिस जांच कर रही है कि क्या दिनेश का किसी से विवाद था या नहीं? जांच जारी है।**

## पत्नी से तंग आकर मुंबई पुलिस के कांस्टेबल ने की खुदकुशी... रोज होती थी लड़ाई

**मुंबई:** मुंबई पुलिस में तैनात एक कांस्टेबल ने पारिवारिक झगड़े से परेशान होकर खुदकुशी कर ली है। बताया जाता है कि पत्नी से आए दिन उसकी लड़ाई होती थी और तंग आकर उसने खुदकुशी कर ली। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कांस्टेबल का नाम विजय सालुंखे है। उसकी उम्र 38 साल है। कांस्टेबल विजय मुंबई के शाहुनगर पुलिस स्टेशन में तैनात था।पुलिस के मुताबिक विजय तबियत खराब होने की वजह से



30 मई से छुट्टी पर था। 14 जून के दिन शाम साढ़े आठ बजे के करीब विजय ने मुंबई के सायन इलाके के प्रतीक्षा नगर में स्थित अपने घर मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वडाला टीटी पुलिस ने कांस्टेबल की खुदकुशी की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लिया। जब मृतक कांस्टेबल विजय की कपड़ों की तलाशी ली गई तब उसके पैंट से एक सुसाइड नोट मिला जिसमें आत्महत्या की वजह का खुलासा हुआ। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक प्राथमिक रूप से देखकर यही लगता है कि कांस्टेबल हर दिन के पारिवारिक झगड़े से परेशान हो गया था और इसीलिए उसने आत्महत्या जैसा बड़ा कदम उठाया।

# नागपुर कारखाना विस्फोट : उपचार के दौरान 22 वर्षीय महिला श्रमिक की मौत... 8 हुई मरने वालों की संख्या

**नागपुर :** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में बीते गुरुवार को विस्फोटक बनाने के कारखाने में हुए धमाके में एक और महिला श्रमिक की शनिवार की निजी अस्पताल में मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुये बताया कि इस दर्दनाक हादसे में अब मरने वालों की संख्या आठ पहुंच गई है। डांडे अस्पताल के निदेशक डॉ. पिनाक डांडे ने पीटीआई भाषा को बताया कि नागपुर शहर में उपचार करा रही 22 वर्षीय श्रद्धा वनराज पाटिल की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि एक अन्य घायल श्रमिक प्रमोद चावरे का उपचार चल रहा है। इसके साथ ही गुरुवार को हुए विस्फोट में छह महिलाओं और दो पुरुषों समेत आठ श्रमिकों की मौत हो गई है। विस्फोट गुरुवार की दोपहर करीब एक बजे नागपुर शहर से लगभग 25 किलोमीटर दूर नागपुर-अमरावती हाईवे से सटे धामना लिंगा गांव के समीप नेरी मानकर क्षेत्र में बारूद बनाने वाली कंपनी चामुंडी एक्सप्लोसिव के पैकेजिंग यूनिट में हुआ। ब्लास्ट की तीव्रता इतनी भयानक थी कि मरने वालों के शरीर के चिथड़े उड़ गए थे। धमाके की तीव्रता इतनी अधिक थी कि गांव के लोगों के घरों के दरवाजे और खिड़कियां तक हिल गये थे। हादसे के बाद नौ घायलों को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। पुलिस के अनुसार विस्फोट के समय अधिकतर पीड़ित कारखाने की पैकेजिंग इकाई में कार्य कर रहे थे।



## मीरा रोड की सोसाइटी में बकरीद से पहले फिर हंगामा... पिछले साल भी मचा था बवाल



**मुंबई:** मुंबई से सटे मीरा रोड की जिस सोसाइटी में पिछले साल बकरीद से पहले हंगामा हुआ था, उसी सोसाइटी में इस बार फिर बकरे को लेकर हंगामा हुआ है. सोसायटी में कोई बकरा लेकर ना आए इसलिए सोसायटी की तरफ से गाड़ियों की तलाशी ली जा रही थी. जब मोहसिन शेख की कार की तलाशी ली गई तो हंगामा शुरू हो गया. दरअसल मोहसिन शेख वही शख्स है जो पिछले साल बकरा लेकर आया था.

ऐसे में उसकी गाड़ी की जब चेकिंग की गई तो हंगामा शुरू हो गया. हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को शांत किया गया. फिलहाल स्थिति शांति पूर्ण है लेकिन तनाव बना हुआ है. पिछले साल इसी सोसाइटी में मोहसिन शेख बकरा खरीदकर लाया था. जिसको लेकर हंगामा हो गया था. बकरा लाने की सूचना जब वहां रहने वाले लोगों को मिली तो उन्होंने इसका विरोध किया था.बकरा लेकर आने पर कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज भी किया गया था. यहां रहने वाले लोगों का कहना था कि हमारी सोसायटी ने एक नियम पारित किया था कि किसी भी पशुधन को सोसायटी के अंदर आने की अनुमति नहीं दी जाएगी. इसका उल्लंघन किया और दो बकरों को अंदर लेकर आए. जिसका विरोध किया गया. इस दौरान सोसाइटी में रहने वाले लोगों के बीच आपस में नोकझोंक भी हुई थी. वहीं इस बार बकरा सोसाइटी के अंदर ना आ सके इसलिए पहले से चेकिंग शुरू कर दी गई है.

## देह व्यापार चलाने के आरोप में महिला गिरफ्तार

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में अपने घर पर देह व्यापार चलाने के आरोप में 34 वर्षीय एक महिला को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी.वरिष्ठ निरीक्षक चेतना चौधरी ने बताया कि मानव तस्करी विरोधी प्रकोष्ठ ने एक शिकायत के आधार पर बुधवार को मुंब्रा शहर की एक इमारत में छापेमारी की और आरोपी महिला को गिरफ्तार किया. साथ ही वहां से अन्य दो महिलाओं को मुक्त कराया गयाउन्होंने बताया कि महिला के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है.

# पुणे में टहलने निकले बुजुर्ग व्यक्ति के सिर पर की रॉड से हमला

**पुणे:** पुणे के औंध इलाके में 77 वर्षीय एक व्यक्ति के सिर पर लोहे की रॉड से हमला किया गया था, जिसके बाद शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना गुरुवार सुबह की है, जब 70 वर्षीय समीर रॉय चौधरी सुबह की सैर पर निकले थे। अधिकारी ने बताया, ''छह नाबालिगों ने सुबह करीब 5:20 बजे उनका पीछा किया और जब उन्होंने लूटपाट का विरोध किया, तो उनके सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया।



गिरोह ने दो और लोगों पर भी हमला किया। रॉय चौधरी को शुक्रवार को मृत घोषित कर दिया गया। उनके परिवार की सहमति के बाद उनका लीवर और आंखें दान कर दी गईं।'' उन्होंने बताया कि चार नाबालिगों को हिरासत में लिया गया है, जबकि बाकी दो की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। अधिकारी ने बताया कि उन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 396 (डकैती के दौरान हत्या) के तहत आरोप लगाए गए हैं।

# चेंबूर में स्थित आचार्य कॉलेज में हिजाब बैन के खिलाफ 9 लड़कियों की याचिका...

## कहा- ड्रेस कोड के नाम पर लगाया बैन !

**मुंबई :** मुंबई के चेंबूर में स्थित आचार्य कॉलेज में हिजाब बैन के खिलाफ नौ छात्राओं ने मुंबई हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। छात्राओं ने हिजाब पर लगा बैन हटाने की मांग की है। इसके साथ ही कॉलेज प्रशासन पर धर्म के आधार पर पक्षपात करने के आरोप लगाए हैं। आचार्य कॉलेज में पिछले साल भी हिजाब बैन का मुद्दा चर्चा में रहा था और एक बार फिर इसके खिलाफ याचिका दायर की गई है। याचिका में कहा गया है कि ड्रेस कोड के नाम पर हिजाह बैन किया जा रहा है। पिछले साल आचार्य कॉलेज में जूनियर कॉलेज के छात्रों के लिए एक नोटिफिकेशन निकाला गया था, जिसमें कॉलेज प्रशासन की तरफ से ड्रेस कोड को लेकर कुछ नियम जारी किए गए थे। उस दौरान जूनियर कॉलेज की कई लड़कियों ने कॉलेज में हिजाब बैन को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था। अस घटना के लगभग एक साल बाद एक बार फिर एक मई को कॉलेज ने एक नोटिफिकेशन निकाला, जिसमें किसी भी धार्मिक वस्तु को पहनकर कॉलेज के कैंपस में आने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। इस बार यह नोटिफिकेशन कॉलेज के सेकंड ईयर और थर्ड ईयर के विद्यार्थियों के लिए निकाला गया था। विद्यार्थियों ने उसके बाद एक बार फिर से विरोध प्रदर्शन किया और मानव अधिकार आयोग में इसकी शिकायत दर्ज करवाई।

मुंबई हाई कोर्ट पहुंचे विद्यार्थी

विद्यार्थियों ने कथित तौर पर यह भी आरोप लगाया गया कि कॉलेज



प्रशासन ने कोई भी औपचारिक नोटिफिकेशन ना निकाल कर यह फरमान केवल एक व्हाट्सएप ग्रुप पर ही सकुर्लेट किया। हालांकि, बाद में अपनी याचिका में विद्यार्थियों ने बताया कि कॉलेज की वेबसाइट पर भी यह नोटिफिकेशन जारी किया गया है। अब आचार्य कॉलेज के नौ विद्यार्थी कॉलेज में हिजाब बैन को लेकर मुंबई हाई कोर्ट पहुंचे हैं। मुंबई के एनजी आचार्य डीके मराठे कॉलेज के नौ स्टूडेंट्स ने हाल ही में लागू किए गए ड्रेस कोड के खिलाफ बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका दायर की है।

याचिका में दावा किया गया है कि कालेज की तरफ से लागू किया गया ड्रेस कोड उनकी गरिमा, निजता और धार्मिक स्वतंत्रता के मिले मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है, इसलिए ड्रेस कोड की आड़ में नकाब व हिजाब पर रोक लगाने वाली सूचना को रद्द कर दिया जाए। याचिका पर सुनवाई पूरी होने तक ड्रेस कोड पर रोक लगाने की मांग की गई है। याचिका में छात्राओं ने दावा किया है कि वे कई वर्षों से कालेज में नकाब और हिजाब पहन रही हैं। हाल ही में कॉलेज की वेबसाइट पर स्टूडेंट्स के लिए एक सूचना लिखी गई है। यह सूचना व्हाट्सएप पर भी भेजी गई है, जिसमें एक ड्रेस कोड अनिवार्य किया गया है। यह स्पष्ट रूप से नकाब, हिजाब, बुरका, टोपी पहनने पर रोक लगाता है।

विद्यार्थियों ने यह दावा किया गया है कि यह नोटिफिकेशन कहीं ना कहीं केवल चुनिंदा धर्म को लेकर जारी किया गया है और यह कॉलेज के प्रशासन की मनमानी है। विद्यार्थियों ने अपनी याचिका में बताया है कि उन्होंने इस संबंध में मुंबई यूनिवर्सिटी चांसलर, वाइस चांसलर, यूजीसी, उच्च और तकनीकी शिक्षा मंत्रालय को निवेदन पत्र भेज हस्तक्षेप की मांग की थी, लेकिन जब किसी की ओर से कोई जवाब नहीं मिला तब उन्होंने अपनी याचिका मुंबई हाई कोर्ट में दाखिल की।

## कोल्हापुर में कोयना एक्सप्रेस की चपेट में आने से दो महिला समेत एक बच्ची की मौत

**कोल्हापुर :** महाराष्ट्र के कोल्हापुर से एक दिल दहला देने वाली खबर आ रही है। यहाँ रेलवे लाइन क्रॉस करते हुए दो महिला और एक बच्ची की दर्दनाक मौत हो गयी है। खबर के अनुसार महाराष्ट्र में कोल्हापुर के उपनगर विक्रम नगर इलाके में शनिवार को रेल की पटरी पर ट्रेन की चपेट में आने से दो महिला और एक बच्ची की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि तीनों पीड़ित रेल पटरी के बीच चल रहे थे। इसी दौरान वे तेज रफ्तार से आ रही कोयना एक्सप्रेस की चपेट में आ गये जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शव इतने क्षत-विक्षत हो गये हैं कि उनकी पहचान नहीं हो पायी है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि यह आत्महत्या का मामला है या दुर्घटना का।

## अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार केंद्रीय मंत्री बनने वाली हैं? बारामती में लगे सुनेत्रा पवार के पोस्टर...



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और एनसीपी अजित गुट के मुखिया अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद अब राज्यसभा का चुनाव लड़ रही हैं और उनके निर्विरोध चुने जाने की पूरी संभावना है। इस बीच उन्होंने कहा कि अगर केंद्र सरकार में मंत्री पद का कोई भी ऑफर मिलता है तो उन्हें स्वीकार करने में खुशी होगी। बता दें कि सुनेत्रा पवार अपनी ननद और एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले से बारामती लोकसभा सीट पर चुनाव हार गई थीं। इसके बाद उन्होंने राज्यसभा उपचुनाव के लिए एनसीपी उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया है।

इस बीच,महाराष्ट्र के बारामती में अजीत पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार के भावी केंद्रीय मंत्री होने के पोस्टर भी लगाए गए हैं, जिसमें उन्हें भावी कैबिनेट मंत्री बताया गया है। सुनेत्रा पवार ने बीते दिनों राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल किया है और उनके खिलाफ किसी भी उम्मीदवार ने पर्चा दाखिल नहीं किया है, जिससे उनका राज्यसभा जाना तय हो गया है। बता दें कि राज्यसभा उपचुनाव के लिए नामांकन वापस लेने की तारीख 18 जून है। उसके बाद सुनेत्रा पवार को निर्विरोध राज्यसभा के लिए चुन लिया जाएगा। राज्यसभा के दावेदारी के लिए भले ही किसी भी अन्य कैंडिडेट द्वारा पर्चा दाखिल न किया गया हो लेकिन सूत्रों की माने तो एनसीपी के कई नेता राज्यसभा के लिए दावेदारी पेश कर रहे थे। लेकिन जब सुनेत्रा पवार का नाम घोषित किया गया तो कई लोग नाराज हैं" ऐसी बात सामने आ रही है। हालांकि अभी तक किसी भी नेता ने इस पर खुलकर आपत्ति नहीं जताई और पार्टी में किसी के भी नाराज होने का खंडन खुद अजीत पवार ने किया। अब महाराष्ट्र के बारामती में सुनेत्रा पवार को लेकर भावी केंद्रीय मंत्री बनाए जाने के पोस्टर लगे हैं, जो अलग ही कहानी बयां कर रहे हैं।

## 6 करोड़ से ज्यादा का सोना मुंबई एयरपोर्ट पर जब्त... 5 यात्री गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम के अधिकारियों ने 10.50 किलोग्राम से अधिक सोना जब्त किया है. जब्त की गई सोना की कीमत 6.64 करोड़ रुपए बताई जा रही है. सोना विभिन्न रूपों में छिपा हुआ पाया गया है, जैसे मोम में सोने की धूल, कच्चे आभूषण, ट्रॉली सूटकेस के पहियों के अंदर, बस की सीट के नीचे. कस्टम के अधिकारियों ने 5 लोगों को भी गिरफ्तार किया है. अदीस अबाबाऔर नैरोबी से यात्रा



कर रहे चार विदेशी नागरिकों को रोका गया और उन्हें बुर्के की दाहिनी ओर की जेब और पैक्स के शरीर पर छिपाकर 1363.00 ग्राम सोना ले जाते हुए पाया गया.

दुबई, बैंकॉक, कोलंबो, शारजाह से यात्रा कर रहे पांच भारतीय नागरिकों को रोका गया और ट्रॉली सूटकेस के पहियों के अंदर, शरीर पर और शरीर में 1785.00 ग्राम सोना छिपाकर ले जाते हुए पाया गया. 24ङळ गोल्ड डस्ट इन वैक्स (02 पाउच) जिसका कुल वजन 1550.00 ग्राम है, जिसका मूल्य 98,78,275/- रुपये है, यात्रियों को रिमोट से एयरपोर्ट बिल्डिंग तक ले जाने वाली बस की सीट के नीचे छिपा हुआ पाया गया.

## एंटॉप हिल इलाके में हुआ बड़ा दर्दनाक हादसा... तीन मंजिला इमारत की दीवार ढह जाने से दो की मौत

**मुंबईः** मुंबई के एंटॉप हिल इलाके में बड़ा दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां तीन मंजिला इमारत की दीवार ढह जाने से 2 महिलाओं की मौत हो गई। एक नगर निकाय अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पंजाबी गली में नौ बजकर 25 मिनट पर यह हादसा हुआ और वहां तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारी ने कहा कि तीन मंजिला मकान के दूसरे



और तीसरे तल की दीवार का एक हिस्सा आंशिक रूप से ढह गया। उसका कुछ हिस्सा खतरनाक ढंग से लटका हुआ है। इस घटना की शिकार शोभादेवी मौर्य (45) और जकीरूनिस्सा शेख (50) नामक दो महिलाओं को सियोन अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**बचाव का काम तेजी से**

मुंबई नगर निकाय के अधिकारी ने बताया कि मौके पर राहत और बचाव का काम तेजी से किया जा रहा है। स्थानीय फायर ब्रिगेड, वार्ड स्तर के कर्मचारी, पुलिस और एम्बुलेंस को घटनास्थल पर भेजा गया।

## चेंबूर में बिजली का करंट लगने से 15 वर्षीय लड़के की मौत!

**मुंबई :** पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को मुंबई के चेंबूर इलाके में एक कुएं में तैरते समय करंट लगने से 15 वर्षीय एक लड़के की मौत हो गई। यह घटना चेंबूर के माहुल गांव में हुई । मुंबई पुलिस के अनुसार , कुएं में पानी निकालने के लिए पास के एक होटल द्वारा अवैध रूप से लगाई गई मोटर के कारण लड़के की करंट लगने से मौत हो गई। इस अवैध मोटर के कारण यह दुर्घटना हुई, जिसके परिणामस्वरूप छोटे लड़के की मौत हो गई। होटल के मालिक अनंत माहुलकर, दयाराम माहुलकर और हरिराम माहुलकर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार , तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है और वे फिलहाल 18 जून तक पुलिस हिरासत में हैं ।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com